एसकेआरएयू का दीक्षांत समारोह आज, 1480 विद्यार्थियों को दी जायेगी उपाधि

बीकानेर,(कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 21 वां दीक्षांत समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जायेगा।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि 24 फरवरी को विश्वविद्यालय के विद्या मंडप सभागार में आयोजित होने वाले 21 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे करेंगे। इस समारोह में 1480 विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक उपाधि प्रदान की जायेगी।

कुलपति ने बताया कि समारोह के दीक्षांत अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव डॉ. मंगला राय होंगे। विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर एवं श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़ होंगे।

कार्यक्रम में स्व. रामनारायण चौधरी कृषि महाविद्यालय, मंडावा, झुंझुनूं के महाविद्यालय भवन, छात्रावास भवन तथा विश्वविद्यालय के परिसर स्थित आपणो कृषि बाजार का लोकार्पण भी राज्यपाल द्वारा किया जायेगा। समारोह के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे यूएसआर ग्राम पेमासर में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस दौरान राज्यपाल पेमासर में किसानों के साथ संवाद भी करेंगे।

कुलपति प्रो. अरूण कुमार ने आज होने वाले एस. के. आर. ए. यू. के दीक्षांत समारोह की जानकारी दी।

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में होगा दीक्षांत समारोह का आयोजन
- समारोह के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे यूएसआर ग्राम पेमासर में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे

कुलपति ने बताया कि यूएसआर ग्राम के तहत पेमासर में विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न उत्पाद बनाना सिखाया गया है। इन सामानों के विपणन से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के कुल 1480 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। जिसमें कृषि संकाय के अंतर्गत स्नातक (यूजी) के 1346, स्नातकोत्तर (पीजी) के 114 और विद्या वाचस्पति (पीएचडी) के 20 विद्यार्थी शामिल हैं। समारोह में राज्यपाल 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 02 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 13 विद्यार्थियों में से स्नातक के 02, स्नातकोत्तर के 10 और विद्या वाचस्पति का 01 विद्यार्थी शामिल है।

स्नातक और स्नातकोत्तर के 01-01 विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव डॉ मंगला राय को कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यपाल द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस (कृषि) की मानद उपाधि प्रदान की जायेगी।

राज्यपाल बागडे आज आयेंगे : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार सुबह 10.15 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के हैलीपेड पहुंचेंगे और यहां से प्रात: 10.20 बजे राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। बागडे प्रात: 10.30 बजे यहां विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित होने वाली सड़क सुरक्षा कार्यशाला में शिरकत करेंगे। यहां से प्रात: 11.35 बजे स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे से यहां होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी निभाएंगे। बागडे यहां से दोपहर 2.15 बजे पेमासर ग्राम पंचायत के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 2.35 बजे पेमासर पहुंचेंगे। राज्यपाल यहां राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा किसानों से संवाद करेंगे। राज्यपाल बागडे पेमासर से दोपहर 3.05 बजे नाल एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 3.45 बजे नाल हवाई अड्डा पहुंचेंगे तथा यहां से दोपहर 3.50 बजे औरंगाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने विभिन्न अधिकारियों को तैयारियों से जुड़े निर्देश दिए हैं।

मुनि नमिकुमार की तप अनुमोदना

बीकानेर, (कासं)। उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने अपने सहयोगी तपस्वी संत नमि कुमार को 39 की तपस्या पर रविवार को प्रात: प्रवचन के बाद तप अनुमोदन कार्यक्रम में तप में और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया एवं सुमधुर गीतिका ' तपसी मुनि नमिवर ' गाकर अपने भावों को प्रकट किये।

उन्होंने कहा कि आचार्य महाश्रमण के संदेश से इतनी ऊर्जा मिली कि 29 की तपस्या करने वाले संत ने 39 की तपस्या कर ली। इस तप के अवसर पर सकल श्रावक श्राविकाओं से भी तप की भेंट से नमिकुमार की झोली भरने की प्रेरणा दी। कमल कुमार ने कहा कि तपस्या से कर्म निर्जरा होती है जिससे आत्मा शुद्ध बन जाती है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने लक्ष्य बद्ध तपस्या की है। उन्होंने बताया कि अपने सभी सामाजिक दायित्वों को पूरा करके भरी पूरी गृहस्थी और माया छोड़कर दीक्षा ली थी। दीक्षा लेने के बाद निरंतर तपस्या कर रहें हैं। मुनि विमल बिहारी ने नमिमुनि की तपस्या की अनुमोदना करते हुए कहा कि तपस्या से शारीरिक -मानसिक स्वस्थता बनी रहती है। तपस्या से मनोबल मजबूत होता है। तपस्या स्वास्थ्य व कर्म निर्जरा के लिए अच्छी है। मुनि प्रबोध कुमार ने तपस्या की अभ्यर्थना करते हुए कहा कि जीवन को पावन, पवित्र बनाने का मार्ग संवर और निर्जरा है। ये मोक्ष मार्ग की दो पटरियां है। निर्जरा के 12 भेदों पर प्रकाश डालते हुए फरमाया कि अनशन पहला भेद है। जैन इतिहास में चौविहार की अधिकतम 6 माह की तपस्या बताई गई है।

सार-समाचार

पेरा एथलेटिक्स शोभा का अभिनंदन

विप्र सेना ने मैडल जीतकर आई पेरा एथलेटिक्स शोभा पंचारिया का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। आज विप्र सेना परिवार ने बीकानेर रेलवे स्टेशन पर पेरा एथलेटिक्स शोभा पंचारिया एवं दुर्गा गहलोत का माला पहनाकर मिठाई खिलाकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। एसएमएस दिव्यांग सेवा संस्थान की अध्यक्ष मंजु गुलगुलिया का आभार व्यक्त किया। विप्र सेना प्रदेश महामंत्री रविन्द्र जाजडा ने बताया कि पैरालंपिक समिति ऑफ इंडिया द्वारा चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय पेरा एथलेटिक्स चैम्पियनसिप में 400 मीटर दौड़ में इंदिरा चौक निवासी शोभा पंचारिया ने तीसरे नंबर पर रहते हुए ब्रांज मैडल हांसिल किया। दुर्गा गहलोत ने कल्ब थ्रो शॉटपुट में दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वर मैडल प्राप्त किया। इन बहनों ने बीकानेर का नाम रोशन किया है एवं विप्र सेना को इन पर गर्व है। विप्र सेना बीकानेर के जिलाध्यक्ष इन्द्रकुमार शर्मा ने बताया कि स्वागत अभिनंदन में युवा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, किशोर आचार्य, बिरजू प्यारे, पूनमचंद उपाध्याय, पार्षद रामदयाल पंचारिया, जयकिशन उपाध्याय, श्यामसुंदर उपाध्याय, हरिशंकर शर्मा, रमेश उपाध्याय, अनिल शर्मा, राधाकिशन, सुरेश, विकास, दशरथ, रामावतार, मनोज गौड़, टीकमचंद, महादेव शर्मा एवं समाज की महिलाएं शामिल हुई।

निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

निजीकरण के विरोध में इंटक नेता हेमंत किराडू के नेतृत्व में ऑटो चालकों ने प्रदर्शन किया।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय राष्ट्रीय ऑटो ड्राइवर यूनियन इंटक ने केंद्र सरकार एवं राजस्थान सरकार की निजीकरण के विरोध में आज प्रदर्शन किया। ट्रांसपोर्ट वाहनों की फिटनेस सेंटर जब से निजी सेंटर को दिया हैं। फीस की सरकार की निर्धारित फीस से प्राइवेट फिटनेस मनमाने तरीके से फीस वसूल कर रही है। इंटक के सीनियर नेता हेमंत किराडू ने कहा कि संगठन ने आरटीओ बीकानेर के साथ-साथ राजस्थान ट्रांसपोर्ट आयुक्त को मनमानी फीस के बारे लिखा लेकिन आज तक कार्रवाई न होने से लगता है कि इसमें विभाग की मिलीभगत है। सरकार ने क्या फीस निर्धारित है, कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। संगठन ने चेतावनी दी है फिटनेस सेंटर के खिलाफ करवाई नहीं की गई तो इंटक आरटीओ का घेराव, धरना, चक्का जाम आंदोलन करेगी।

पानी चोरों पर कार्रवाई की मांग

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां गजसिंहपुर में किसान पानी चोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। दिसंबर में गंगनहर परियोजना के एफके 36 मोघे पर एक बड़ी पानी चोरी का मामला सामने आया था। टेल किसान समिति के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी ढिल्लों के नेतृत्व में किसानों ने बलजिंदर सिंह द्वारा की गई पानी चोरी का पर्दाफाश किया था। आरोपी ने नहर में 12 इंची व्यास की पाइप लगाकर पानी की चोरी की थी। नहरी विभाग ने केसरीसिंहपुर थाने में मामला दर्ज करवाया। उन्होंने आरोपियों के खेत की पानी बारी काटने के आदेशों की अवहेलना की थी। किसानों का आरोप है कि प्रशासन और नहरी विभाग आरोपियों के खिलाफ ढुलमुल रवैया अपना रहे हैं। उल्टे आरोपियों ने हरप्रीत सिंह और अन्य किसानों पर दबाव बनाने के लिए इस्तगासा दायर कर दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच का आश्वासन दिया था। लेकिन केसरीसिंहपुर थाने द्वारा किसानों को जांच में सहयोग के लिए नोटिस जारी किए जाने से किसानों में आक्रोश है। वे प्रशासन के रवैये से नाखुश हैं। टेल किसान समिति के सदस्य जैसे हरप्रीत सिंह हैप्पी ढिल्लो, अवतार संधु, जमना राम, गुरपाल सिंह, और अन्य ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने अपनी ढिलाई नहीं छोड़ी, तो किसान कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।

तीन कमरों का स्कूल 12 वीं तक क्रमोन्नत, एक कमरे में 4-4 कक्षाएं

बीकानेर,(कासं)। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एक ही स्कूल में पहली से 12वीं तक की शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पिछले तीन सालों में राज्य के 1800 से अधिक उच्च प्राथमिक स्कूलों को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत कर दिया है। इससे नामांकन तो बढ़े लेकिन क्रमोन्नत स्कूलों में छात्र-छात्राओं के पढ़ने के लिए कक्षा-कक्ष नहीं हैं। नतीजा एक कमरे में 4-4 कक्षाओं के विद्यार्थियों की कक्षाएं एक साथ लग रही है। अब संस्था प्रधानों के सामने कक्षाएं लगाना मुसीबत है।

सबसे ज्यादा खराब हालात किराये के भवनों में चल रहे स्कूलों के हैं। बीकानेर में किराये के भवन में चल रहे 19 उच्च माध्यमिक स्कूल ऐसे हैं जिन्हें आठवीं से 12वीं में क्रमोन्नत तो कर दिया गया, लेकिन स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। किराये की बिल्डिंग होने के कारण शिक्षा विभाग इन स्कूलों में नए कक्षा-कक्ष नहीं बना पा रहा है। संसाधन न होने के कारण पिछले साल कई स्कूलों में 11वीं कक्षा शुरू नहीं हो पाई। अब नए शिक्षा सत्र से इन स्कूलों में 11वीं और 12वीं के भी प्रवेश होंगे।

- किराये की बिल्डिंग में संचालित मुक्ता स्थित राउमावि नया शहर भीम नगर क्रमोन्नत, इसमें सिर्फ तीन ही कमरे हैं

राज्य सरकार ने 3 साल पहले स्कूलों को 8वीं से 12वीं में क्रमोन्नत कर दिया। इन स्कूलों में अभी तक 11वीं -12वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए विषय व्याख्याता के पद स्वीकृत नहीं हुए हैं। दो महीने बाद नया शिक्षा सत्र शुरू होगा। राज्य में 189 सरकारी स्कूल किराये के भवनों में चल रहे हैं। इनमें 57 उच्च माध्यमिक स्कूल है। जिसमें बीकानेर जिले के कुल 40 स्कूल किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं।

किराये की बिल्डिंग में संचालित मुक्ता स्थित राउमावि नया शहर भीम नगर को 2023-24 क्रमोन्नत किया गया। इस स्कूल में सिर्फ तीन ही कमरे हैं। स्कूल दो पारियों में चलता है। पहली पारी में छठीं से 10वीं और दूसरी पारी में पहलीं से 5वीं की कक्षाएं लगती हैं। 8वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को अलग-अलग कमरों में पढ़ाते है। जबकि छठीं, 7वीं और 9वीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई एक ही कमरे में हो रही है।

विधानसभा घेराव में शामिल होंगे

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेसजन 24 फरवरी को सुबह 10 बजे विधानसभा घेराव करेंगे।

बीकानेर संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि इस घेराव में बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अपनी अहम भागीदारी निभाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में बीकानेर जिला कांग्रेस पदाधिकारी, शहर कांग्रेस की दोनों विधानसभा की चारों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, इंटक, सहित सभी विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी मंडल अध्यक्ष इस घेराव में भागीदारी निभायेंगे। इस घेराव में बीकानेर जिला देहात कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी, सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, लोकसभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रत्याशी सहित कांग्रेसजन शामिल होंगे।

अधेड़ नशे में पानी की टंकी पर चढ़ा

बीकानेर, (कासं)। कोटगेट थाना इलाके में एक अधेड़ व्यक्ति नशे में पानी की टंकी पर चढ़ गया। घटना गोदाम रोड स्थित अग्रवाल क्वाटर्स के लिए बनी रेलवे की पानी की टंकी की है। उसे नीचे उतारने के लिए आरपीएफ, जीआरपी, स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ के साथ एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद सुरक्षा बलों ने ठेका कंपनी कर्मियों की मदद से पकड़ लिया और रस्सी से पैर बांध कर नीचे उतार लिया।

- हंगामे के बाद सुरक्षा बलों ने ठेका कंपनी कर्मियों की मदद रस्सी से पैर बांध कर नीचे उतारा

सूचना पर पहुंची कोटगेट थाना पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने उसे नीचे समझाने की कोशिश की मगर वह हंगामा करता रहा। तमाशबीनों की भीड़ भी जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रामकिशन नाम का यह अधेड़ करीब 12 बजे नशे में टंकी पर चढ़ गया। टंकी के उपरी हिस्से में पहुंचकर सामान तोड़कर फेंकने लगा। आरपीएफ के जवानों से बात नहीं बनी तो कोटगेट थाना पुलिस को बुलाया गया। थानाधिकारी विश्वजीत सिंह मय जाब्ता मौके पर आए। एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। मजे की बात तो यह है कि नशेड़ी के नीचे उतरने से चंद मिनटों पहले ही एसडीआरएफ की टीम व तहसीलदार मौके पर पहुंची। नशेड़ी को नीचे उतारने के लिये प्लेटफॉर्म परिसर में चल रहे विकास कार्य के ठेका कंपनी के नरपत सिंह व श्यामलाल गुर्जर ने टंकी पर चढ़कर उसे नीचे उतारा।

युवती की हालत नाजुक, युवक की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। प्रेम प्रसंग के चलते 20 फरवरी को हरियाणा से भागकर श्रीगंगानगर पहुंचे किशोर और किशोरी के जहरीला पदार्थ निगलने के मामले में किशोरी अब भी अस्पताल में भर्ती है। लड़की की हालत नाजुक बनी हुई है। वह अब तक पूरी तरह से होश में नहीं है, जिसके चलते पुलिस उसका बयान दर्ज नहीं कर पाई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच किशोरी के पूरी तरह होश में आने के बाद ही आगे बढ़ाई जायेगी। उधर मृत किशोर के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। अभी यह पता नहीं लग पाया है कि किशोर व किशोरी ने कौनसा जहरीला पदार्थ निगला था। इसकी जानकारी युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मिल पायेगी। जीआरपी थाना प्रभारी धर्मपाल ने बताया कि किशोरी के होश में आने के बाद उससे पूरी घटना के बारे में जानकारी ली जायेगी, जिससे पुलिस को मामले की सटीक जानकारी मिल सके। किशोरी के बयान दर्ज होने के बाद परिजनों से भी पूछताछ की जायेगी।

- प्रेम प्रसंग के चलते हरियाणा से भाग श्रीगंगानगर पहुंचे युवक- युवती के जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

फर्जी वसीयत बनाने पर 7 साल की सजा

बीकानेर, (कासं)। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक ने 15 साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को सात साल के कारावास और 6 लाख रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

परिवादी केदार ने वर्ष 2009 में कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसके दादा रामचन्द्र के नाम से आरोपी जेठमल व अन्य ने फर्जी वसीयत बना ली। फर्जी रिलीज डीड बनाकर परिवादी की जायदाद दो मार्च, 2009 को मो. उमर, मो. हारून को बेच दी। जबकि रामचन्द्र ने ना तो कोई वसीयतनामा बनाया और ना ही हस्ताक्षर किए थे। कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपी जेठमल को सात साल का कारावास की सजा सुनाई।

शराब तस्करों की तलाश में पंजाब से बैरंग लौटी पुलिस टीम

श्रीगंगानगर, (कासं)। पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही 57 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब के मामले में पुलिस टीम को बड़ी सफलता नहीं मिल पाई।

जानकारी के अनुसार मामले की जांच के लिए पंजाब भेजी गई टीम गिरोह के सरगना तक नहीं पहुंच पाई है। कोतवाली थाना प्रभारी सुभाष ढिल ने बताया कि ट्रक चालक नरवैल सिंह का पुलिस रिमांड जारी है। नरवैल सिंह से गहन पूछताछ की जा रही है। नरवैल सिंह से की गई पूछताछ के आधार पर ही ट्रक मालिक की तलाश में टीम पंजाब गई थी लेकिन वह पहले ही फरार हो गया। उसके फरार होने के कारण टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। अब पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ कर उसके संपर्क सूत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब्त किए गए ट्रक में बरामद शराब की खेप पंजाब में ही लोड की गई थी और इसे गुजरात पहुंचाने की साजिश थी। गिरफ्तार चालक और खलासी ने पहले बताया था कि उन्हें पठानकोट से ट्रक सौंपा गया था लेकिन इन्हें भी असली तस्करों की जानकारी नहीं थी। हालांकि ट्रक लोड की लोकेशन का अंदाजा लगाकर पुलिस ने पंजाब में दबिश की। अब पुलिस इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और पूछताछ के आधार पर मुख्य सरगना तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पुलिस टीम जल्द ही दोबारा पंजाब जा सकती है। पुलिस ने 17 फरवरी की रात को रीको से नेतेवाला बाइपास के बीच घोड़े वाले पुल के नजदीक नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को चैक किया तो इसमें चावल के भूसे की आड़ में छिपाई गई अंग्रेजी शराब के कार्टन बरामद हुए। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 57 लाख रूपए आंकी गई थी। शराब के कार्टन और बोतलों पर मेड इन पंजाब और सेल ओनली फोर पंजाब की मुहरें लगी हुई थी।

- पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही 57 लाख की अवैध शराब पकड़ी थी

महाशिवरात्रि पर शिव भजन

बीकानेर, (कासं)। दी आर्ट ऑफ लिविंग के बीकानेर केन्द्र द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी को रात्रि 8:30 से रात्रि 10:30 बजे तक शिव भजनों की विशेष प्रस्तुतियों का कार्यक्रम होगा। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर द्वारा ध्यान के वर्चुअल आयाम भी कराए जायेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 18.03.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : 215 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, बीकानेर के अधीन बंगलों में 10 नम्बर आउट हाउसेस का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत** : रू. 6857470.55 **धरोहर राशि** :रू. 137200.00 **नोट** : अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
224-DR/25
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

ज्यादा से ज्यादा किसानों को मिले डिग्गी-फॉर्म पौण्ड का लाभ : सुमित गोदारा

श्रीगंगानगर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन एवं वर्ष 2024-25 की प्रगति के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए 10 हज़ार डिग्गी और फार्म पौंड सुविधा के साथ-साथ गेहूं की समर्थन मूल्य खरीद पर बोनस भी बढाकर 150 रूपए किया गया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार बजट घोषणाओं का जल्द क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा प्रगति की जानकारी लेकर इन्हें जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध में भूमि आवंटन, चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने उक्त कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता है और प्रदेश स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम पर चर्चा करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने नगर विकास न्यास और नगर परिषद अधिकारियों को नियमित समीक्षा कर उक्त कार्य जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट में श्रीगंगानगर के किसानों के लिए अनेक घोषणाएं की गई हैं।

गंगानगर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सिंचाई पानी की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए पक्के खाला पुनर्निर्माण के लिए 200 करोड़ और गंग कैनाल की सीसी रिलाइनिंग के लिए 300 करोड़ रूपये की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसानों को समृद्ध बनाया जाए। इसलिए किसान सम्मान निधि की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

जाम्भाणी हरि कथा का आयोजन

नोखा, (कासं)। फाल्गुन मेले के दौरान संस्कृति सेवा धाम में पांच दिवसीय जाम्भाणी हरि कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचिका डॉ. मधु बिश्नोई ने अपने प्रवचन में संगति के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा अच्छी संगति में रहना चाहिए। व्यक्ति के जीवन पर अच्छी और बुरी संगति का गहरा प्रभाव पड़ता है। गलत लोगों की संगति से मिलने वाला सुख क्षणिक होता है और बाद में जीवन में कठिनाईयां आती हैं। डॉ. बिश्नोई ने बताया कि अच्छे व्यक्तित्व वाले लोगों की संगति से जीवन सुखी और सफल बनता है। संगति से व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है और वह कल्याण के मार्ग पर चलता है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है। कार्यक्रम के पहले दिन हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के विभिन्न गांवों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/962 दिनांक :- 17/2/2025
आम सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना -1976 चालान संख्या 15802 द्वारा रूपये 500/- जमा करवाकर श्री कृष्णा देवी पत्नि गिरधारी लाल खत्री ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास सं.03-घ-26 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 93.00 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमाक 9958 दिनांक 26.04.1979 को जारी किया गया था।। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नहीं है। उक्त आवास श्री कृष्णा देवी पत्नि गिरधारी लाल खत्री ने मुख्यारनामा/ईकरारनामा के माध्यम से श्रीमति सुशीला देवी पत्नि श्री थारा राम के नाम किया गया ।उक्त आवास का नियमितिकरण श्रीमति सुशीला देवी के नाम पत्रांक 1067 दिनांक 18.10.1997 को किया गया। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 19.11.1998 को पंजीकृत हैं।
तद्श्चात् श्रीमति सुशीला देवी पत्नि श्री थारा राम ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्रीमति शीला देवी पत्नि श्री श्यामलाल को किया गया। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 25.04.2000 से पंजीकृत हैं। तद्श्चात श्रीमति शीला देवी पत्नि श्री श्यामलाल ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्रीमति हेमलता पत्नि श्री हरीश कुमार मूलचन्दानी को किया गया। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 20.05.2003 से पंजीकृत है तद्श्चात् श्रीमति हेमलता पत्नि श्री हरीश कुमार मूलचन्दानी ने उक्त आवास का गिफ्टडीड के माध्यम से श्री राजकुमार मूलचन्दानी एवम् श्री सुरेश कुमार मूलचन्दानी पुत्र श्री मोतीराम मूलचन्दानी को किया गया उक्त गिफ्टडीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 19.02.2018 से पंजीकृत हैं।
श्री राजकुमार मूलचन्दानी एवम् श्री सुरेश कुमार मूलचन्दानी पुत्र श्री मोतीराम मूलचन्दानी ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम द र्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री राजकुमार मूलचन्दानी एवम् श्री सुरेश कुमार मूलचन्दानी पुत्र श्री मोतीराम मूलन्दानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्डे में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री राजकुमार मूलचन्दानी एवम् श्री सुरेश कुमार मूलचन्दानी पुत्र श्री मोतीराम मूलचन्दानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।
सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त-बीकानेर